भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 3174
गुरूवार, 27 मार्च, 2025/6 चैत्र, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**आध्यात्मिक पर्यटन**

**3174 श्री धनंजय भीमराव महादिक:**
**श्री जग्गेश:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आध्यात्मिक पर्यटन परिपथ के अंतर्गत सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रसाद परियोजनाओं की धीमी प्रगति के क्या कारण हैं;

(ग) कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं;

(घ) क्या सरकार आध्यात्मिक पर्यटन परियोजनाओं में देरी को रोकने के लिए मंदिर प्राधिकारियों और अन्य संबंधित हितधारकों से पूर्व मंजूरी के लिए एक तंत्र शुरू करने की योजना बना रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी चल रही योजनाओं के माध्यम से पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों को संपूरित करता है। स्वदेश दर्शन योजना और प्रशाद योजना के आध्यात्मिक परिपथ के तहत परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख) और (ग): प्रशाद योजना के तहत परियोजनाओं का विकास और उनका पूरा होना विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है जैसे सफल निविदा प्रक्रिया, राज्य कार्यान्वयन एजेंसी की क्षमता, समय पर परियोजना का नियोजन और डिजाइनिंग, अपेक्षित दस्तावेजों को प्रस्तुत करना आदि। उपरोक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं को संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। हालांकि, परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी और उसमें तेजी लाने तथा राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों का मार्गदर्शन करने के लिए पर्यटन मंत्रालय विभिन्न स्तरों पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करता है।

(घ) और (ड.): पर्यटन मंत्रालय प्रशाद योजना के तहत परियोजनाओं को मंजूरी देते समय मंदिर न्यासों, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों, स्थानीय निकायों और संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों तथा अन्य हितधारकों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श करता है। परियोजनाओं में होने वाली देरी को रोकने के लिए, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को यह सुनिश्चित करने के लिए वचन देना आवश्यक है कि भार-मुक्त भूमि उपलब्ध है और अन्य आवश्यक स्वीकृतियां आदि मिल चुकी हैं।

*****

**अनुबंध**

श्री धनंजय भीमराव महादिक एवं श्री जग्गेश द्वारा आध्यात्मिक पर्यटन के संबंध में दिनांक 27.03.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 3174 के भाग (क) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत आध्यात्मिक परिपथ में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

| क्र. सं. | राज्य का नाम | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | जारी राशि (करोड़ रु. में) | उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में) | परियोजना की स्थिति/ टिप्पणियाँ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केरल | केरल के पथानामथिट्टा जिले में एक आध्यात्मिक परिपथ के रूप में सबरीमाला - एरुमेली-पम्पा-सन्निधानम का विकास (2016-17) | 46.54 | 33.39 | 36.27 | परियोजना पूर्ण बताई गई |
| 2. | मणिपुर | श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजॉय गोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशीबोदोन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास (2016-17) | 45.34 | 45.33 | 43.04 | परियोजना पूर्ण बताई गई |
| 3. | केरल | श्री पद्मनाभ मंदिर, अर्णमुला-सबरीमाला का विकास (2016-17) | 78.08 | 73.77 | 68.98 | परियोजना पूर्ण बताई गई |
| 4. | बिहार | कांवड़िया मार्ग का विकास: सुल्तानगंज-धर्मशाला-देवघर (2016-17) | 44.76 | 42.52 | 42.17 | परियोजना पूर्ण बताई गई |
| 5. | उत्तर प्रदेश | अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर-गोरखपुर-डुमरियागंज-बस्ती-बाराबंकी-आजमगढ़-कैराना-बागपत-शाहजहांपुर का विकास (2016-17) | 71.91 | 69.63 | 69.63 | परियोजना पूर्ण बताई गई |
| 6. | उत्तर प्रदेश | बिजनौर-मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी-बलिया-अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र-चंदौली-मिश्रिख-भदोही का विकास (2016-17) | 67.51 | 64.14 | 63.62 | परियोजना पूर्ण बताई गई |
| 7. | राजस्थान | आध्यात्मिक परिपथ का विकास- 'चूरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके | 87.05 | 75.03 | 75.03 | परियोजना पूर्ण बताई गई |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालाजी, बंधेके बालाजी) - विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कामां क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंद) - मेहंदीपुर बालाजी - चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास (2016-17) | | | | |
| 8. | पुदुचेरी | कराईकल, यनम और पुडुचेरी का विकास (2017-18) | 34.96 | 31.40 | 31.40 | परियोजना पूर्ण बताई गई |
| 9. | बिहार | मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास (2017-18) | 44.55 | 42.32 | 42.32 | परियोजना पूर्ण बताई गई |
| 10. | महाराष्ट्र | वाकी- अदासा- धापेवाड़ा- पारदसिंघा- छोटा ताज बाग- तेलनखंडी- गिराड का विकास (2018-19) | 45.47 | 43.19 | 38.24 | परियोजना पूर्ण बताई गई |
| 11. | उत्तर प्रदेश | जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएडा-खुर्जा-बांदा का विकास (2018-19) | 12.03 | 11.43 | 11.69 | परियोजना पूर्ण बताई गई |
| 12. | उत्तर प्रदेश | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशिनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास (2018-19) | 18.30 | 18.12 | 18.12 | परियोजना पूर्ण बताई गई |
| 13. | केरल | शिवगिरि श्री नारायण गुरु आश्रम- अरुविपुरम- कुन्नुमपारा श्रीसुब्रमण्यम- चेंबझंतीश्री नारायण गुरुकुलम का विकास (2018-19) | 66.42 | 42.01 | 32.91 | परियोजना प्रगति पर है कोविड, एनओसी और स्थानीय प्राधिकरण से मंजूरी के कारण परियोजना में देरी हो रही है। |
| **कुल** | | | **662.92** | **592.28** | **573.42** | |

**प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सचूी (दिनांक 10.03.2025 तक की स्थिति के अनुसार)**

**(करोड़ रु. में)**

| **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **अनुमोदित लागत** | **जारी राशि** | **भौतिक प्रगति %** | **वित्तीय प्रगति %** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1. | अमरावती में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2015-16 | 27.77 | 27.77 | 100% | 100% |
| | 2. | श्रीशैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 43.08 | 43.08 | 100% | 100% |
| | 3. | सिंहाचलम में श्री वराह | 2022-23 | 54.04 | 13.69 | 59% | 25% |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम में तीर्थ सुविधाओं का विकास | | | | | |
| | 4. | अन्नावरम मंदिर शहर में तीर्थ पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2024-25 | 25.33 | - | 0% | 0% |
| अरुणाचल प्रदेश | 5. | परशुराम कुंड का विकास | 2020-21 | 37.88 | 31.02 | 92% | 82% |
| असम | 6. | कामाख्या मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2015-16 | 29.80 | 29.80 | 100% | 100% |
| बिहार | 7. | पटना साहिब में विकास | 2015-16 | 29.62 | 29.62 | 100% | 100% |
| | 8. | विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2014-15 | 3.63 | 3.63 | 100% | 100% |
| छत्तीसगढ़ | 9. | मां बमलेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2020-21 | 48.44 | 40.19 | 90% | 83% |
| गोवा | 10. | बोम जीसस बेसिलिका का विकास | 2024-25 | 16.46 | - | 0% | 0% |
| गुजरात | 11. | द्वारका का विकास | 2016-17 | 10.46 | 10.46 | 100% | 100% |
| | 12. | सोमनाथ में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2016-17 | 45.36 | 45.36 | 100% | 100% |
| | 13. | सोमनाथ में सैरगाह का विकास | 2018-19 | 47.12 | 47.12 | 100% | 100% |
| | 14. | अंबाजी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 50.00 | 10.54 | 35% | 21% |
| हरियाणा | 15. | माता मनसा देवी मंदिर और नाडा साहिब गुरुद्वारा का विकास | 2019-20 | 48.53 | 34.68 | 74% | 71% |
| जम्मू और कश्मीर | 16. | हजरतबल दरगाह में विकास | 2016-17 | 40.46 | 34.30 | 100% | 85% |
| झारखंड | 17. | बाबा बैद्यनाथ धाम का विकास | 2018-19 | 36.79 | 34.95 | 100% | 89% |
| कर्नाटक | 18. | श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.71 | 0.00 | 0% | 0% |
| केरल | 19. | गुरुवायूर मंदिर में विकास | 2016-17 | 45.19 | 45.19 | 100% | 100% |
| मध्य प्रदेश | 20. | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 | 34.73 | 89% | 69% |
| | 21. | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 43.93 | 43.93 | 100% | 100% |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र | 22. | त्र्यंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 45.41 | 29.93 | 93% | 66% |
| मेघालय | 23. | नोंगस्वालिया चर्च, नर्तियांग शक्ति पीठ, ऐतनार पूल और चरणतला काली मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 29.29 | 27.78 | 100% | 95% |
| मिजोरम | 24. | चिते वांग, जुआंगताई, रइक और आइजोल में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 44.89 | 13.18 | 29% | 29% |
| नागालैंड | 25. | मोलुंगकिमोंग, नोकसेन चर्च, ऐजुतो, वोखा और कोहिमा में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.20 | 23.56 | 100% | 93% |
| | 26. | जुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 18.18 | 15.45 | 72% | 85% |
| ओडिशा | 27. | पुरी में अवसंरचना का विकास | 2014-15 | 50.00 | 10.00 | - | 20% |
| पंजाब | 28. | अमृतसर में करुणा सागर वाल्मीकि स्थल का विकास | 2015-16 | 6.40 | 6.40 | 100% | 100% |
| | 29. | चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 31.57 | 17.49 | 79% | 55% |
| राजस्थान | 30. | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 | 26.11 | 100% | 80% |
| | 31. | बीकानेर में श्री करणी माता मंदिर का विकास | 2024-25 | 22.58 | - | 0% | 0% |
| सिक्किम | 32. | फोर पेट्रन सेंट, युकसोम में तीर्थ सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 | 28.31 | 87% | 85% |
| तमिलनाडु | 33. | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 | 13.99 | 100% | 100% |
| | 34. | वेलंकन्नी का विकास | 2016-17 | 4.86 | 4.86 | 100% | 100% |
| तेलंगाना | 35. | जोगुलम्बा देवी मंदिर का विकास | 2020-21 | 38.90 | 33.07 | 72% | 85% |
| | 36. | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 | 32.73 | 37% | 53% |
| | 37. | भद्राचलम में तीर्थ | 2022-23 | 41.38 | 8.43 | 29% | 20% |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अवसंरचना का विकास | | | | | |
| त्रिपुरा | 38. | त्रिपुरा सुंदरी मंदिर का विकास | 2020-21 | 34.43 | 28.01 | 79% | 81% |
| उत्तर प्रदेश | 39. | वाराणसी का विकास - चरण-I | 2015-16 | 18.73 | 18.73 | 100% | 100% |
| | 40. | मथुरा-वृंदावन का मेगा पर्यटक परिपथ के रूप में विकास (चरण-II) | 2014-15 | 10.98 | 10.98 | 100% | 100% |
| | 41. | वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन का विकास | 2017-18 | 9.02 | 9.02 | 100% | 100% |
| | 42. | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 | 9.36 | 100% | 100% |
| | 43. | वाराणसी का विकास - चरण-II | 2017-18 | 44.60 | 31.77 | 100% | 71% |
| | 44. | गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 37.59 | 30.97 | 100% | 78% |
| उत्तराखंड | 45. | केदारनाथ का एकीकृत विकास | 2015-16 | 34.77 | 34.77 | 100% | 100% |
| | 46. | बद्रीनाथ जी धाम में तीर्थ सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 56.15 | 38.38 | 85% | 68% |
| | 47. | गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थ अवसंरचना सुविधाओं का विस्तार | 2021-22 | 54.36 | 10.22 | 100% | 18% |
| पश्चिम बंगाल | 48. | बेलूर मठ का विकास | 2016-17 | 30.03 | 23.39 | 100% | 78% |

*****